भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (एनएचएसआरसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया था। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता, कार्यान्वयन सहयोग एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त, पंजीकृत सोसायटी है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः
- उपकरणों के लिए तकनीकी विशेषताओं का निर्धारण करना,
- लागत प्रभावी उपकरणों एवं नैदानिक विधियों का पता लगाने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना,
- द्वितीयक आंकड़ा अनुसंधान (सेकेन्डरी डेटा रिसर्च) सहित, उपकरणों एवं निदान की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करना,
- उपकरणों एवं निदान की लागतों एवं मूल्य निर्धारण पर आंकड़ा विश्लेषण/बाजार अनुसंधान
- उपकरणों एवं निदान संबंधी गुणवत्ता आंकलनों के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना,
- चिकित्सा उपकरणों उत्पादों/खंड का व्यापार नीति अनुसंधान एवं विश्लेषण करना,
- समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

पात्रताः
- नैदानिक/जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग में बी टेक/बी ई. अनिवार्य। इंजीनियरिंग/प्रबंध में स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- उपकरणों/निदान/नैदानिक अनुसंधान/सुव्यवस्थित समीक्षाओं के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य या प्रकाशित अध्ययनों/उपकरणों के परीक्षण/निदान का मेटा विश्लेषण।
- उपकरणों एवं नैदानिक वैधता/मूल्यांकन में विशेषज्ञता जैसी विश्लेषणात्मक भूमिकाओं में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु–आयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।

आयुः अधिकतम 40 वर्ष

सुसंगत अनुभव एवं विशेषज्ञता होने पर इस मानदंड में ढील दी जा सकती है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

जीवन–वृत्त (रिज्यूमे), **ई–मेल द्वारा consultant.hct@nhsrcindia.org पर** या डाक द्वारा/दस्ती रूप से एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली– 110067 को **दिनांक 20-Jun-2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।

नोटः
- अपने जीवन–वृत्त (रिज्यूमे) में आयु, डिग्रियां प्राप्त करने के वर्ष, वर्तमान और पूर्व नियुक्तियों की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे के ऊपर तथा ई–मेल द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में विषय पंक्ति में आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें, इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।